सं. एस-18011/24/2015-एसबीएम

भारत सरकार

पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)

12वां तल, पं. दीनदयाल 'अंत्योदय भवन'
सीजीओ कॉम्पलेक्स, लोदी रोड,
नई दिल्ली-110003
दिनांक 16.10.2017

सेवा में,

मुख्य सचिव,
प्रभारी, ग्रामीण स्वच्छता
सभी राज्य/संघ राज्य-क्षेत्र

विषय: - शौचालयों का "इज्जत घर" के रूप में नामकरण हेतु एडवाजरी के संबंध में

महोदय/महोदया,

पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय के ध्यान में यह बात आई है कि उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में शौचालयों का नाम "इज्जत घर" रखा जा रहा है। यह एक अच्छा काम है जो संपूर्ण परिवार में अपने शौचालय के लिए प्रतिष्ठा एवं गर्व की भावना भर देता है जिससे इसके प्रयोग पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। अनुशंसा की जाती है कि यह रीति देश के अन्य हिस्सों में भी दोहराई जाए। हिंदी भाषा क्षेत्र "इज्जत घर" नाम रखना जारी रखें और अन्य क्षेत्र अपनी स्थानीय भाषा में तदनुरूप नाम रख सकते हैं जो "हाउस ऑफ डिग्नटी" का समतुल्य हो।

2. सभी राज्यों को इसी प्रकार की स्थानीय पहल और उत्तम रीतियां आरंभ करने हेतु प्रोत्साहित किया जाता है जो परिवारों में शौचालय होना और इसका प्रयोग करना प्रतिष्ठा एवं गौरव का विषय बने। सभी राज्यों से अनुरोध है कि ऐसी उत्तम रीतियां इस मंत्रालय के ध्यान में लाएं ताकि ऐसी पहल अन्य राज्यों के साथ साझा की जा सके और संपूर्ण देश में इसे बढ़ावा दिया जा सके।

भवदीय

Sd/-
(सुनील कुमार)
अवर सचिव, भारत सरकार
ईमेल-sunil.kumar70@nic.in

प्रतिलिपि प्रेषितः- मिशन निदेशक/राज्य समन्वय एसबीएम (जी), सभी राज्य

2. तकनीकी निदेशक, एनआईसी वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु